>

Title: Need to set up a Central Agriculture University in Tikamgarh, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ में कृषि अनुसंधान केन्द्र, कृषि वितरण केन्द्र तथा 2004 में कृषि महाविद्यालय भी स्थापित हो गया है। कृषि महाविद्यालय में 400 एकड़ भूमि ललितपुर-टीकमगढ़ मार्ग पर है। इसके पास मध्य प्रदेश बीज निगम की 600 एकड़ शासकीय भूमि है तथा समीप ही 700 एकड़ भूमि मिनौरा फार्म की भी है। इसके साथ ही टीकमगढ़ जिले में चंदेलकालीन लगभग 900 तालाब, 60,000 कुँए एवं बावड़ियां तथा प्रचुर मात्रा में पशुधन उपलब्ध है, जिनके संरक्षण एवं सदुपयोग से संपूर्ण बुंदेलखंड में हरित, पीत, नील एवं श्वेत क्रांति के नवीन सोपानों की संरचना संभावित है। यदि कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ को केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय का स्वरूप दिलाया जाता है तो वह बुंदेलखंड के ग्रामीण जनजीवन के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि वह केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय टीकमगढ़ में प्रारंभ करवाने का सहयोग करें।